19/11/2020

Class - IV

# वर्ण तथा शब्द-विचार
(2nd part)

4. विसर्ग (:) → स्वर के बाद लगने वाले बिंदु (:) विसर्ग होते हैं। इनका उच्चारण ह के समान होता है।

उदाहरण - फलतः, प्रातः, दुःख, पुनः, अतः आदि

5. हलंत (्) → स्वर रहित व्यंजन का प्रयोग करते समय उसके नीचे एक तिरछी रेखा (्) लगा दी जाती है। इसे हलंत चिह्न (्) कहते हैं।

उदाहरण - मिट्टी, खट्टा, लड्डा आदि।

6. संयुक्त व्यंजन → (क्ष, त्र, ज्ञ, श्र)
दो व्यंजन के जुड़कर बने व्यंजनों को ही संयुक्त व्यंजन कहा जाता है।

| | उदाहरण |
|---|---|
| क् + ष = क्ष | कक्षा, वृक्ष |
| त् + र = त्र | पत्र, मित्र |
| ज् + ञ = ज्ञ | ज्ञान, यज्ञ |
| श् + र = श्र | आश्रय, श्रम |